हिन्दुस्तान 02
मंगलवार, 12 अप्रैल 2022
www.livehindustan.com

# होनहार विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ और सेवा भारती, हरियाणा प्रदेश के बीच सोमवार को एक समझौता हुआ। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कम्प्यूटर, टैली सिखाया जाएगा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. क कृष्ण कान्त गुप्ता ने बताया कि आधुनिक समय में कम्प्यूटर लेखांकन के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है।